लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर

सोनम की बहन भी बॉलीवुड में एंट्री के लिए तैयार
विविध-16

www.dailypioneer.com
पायनियर
लखनऊ, मंगलवार, 19 फरवरी, 2019

सौर ऊर्जा हमारे देश की बड़ी ताकतः डॉ.भरत राज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

पर्यावरणविद एवं स्कूल ऑफ मैंनेजमेंट साइंसेज लखनऊ के महानिदेशक डॉ. भरत राज सिंह ने कहा कि देश के विकास में विशिष्ट योगदान छतो पर लगाये जाने वाले सोलर प्लांट से होगा। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा हमारे देश की बड़ी ताकत है बस इसे समझने और अमल में लाने की जरूरत है। इस ऊर्जा का प्रयोग करके खर्च को भी काफी सीमित कर सकतें है यही नही इसे आय का श्रोत भी बना सकते हैं। उन्होंने कहा केन्द्र व प्रदेश सरकार सौर ऊर्जा को बढ़ा देने के लिए कई योजनाओं को जमीन पर उतार चुकी है। श्री सिंह ने यह बात आईआईए में आयोजित राष्ट्रीय सोलर कानक्लेव 2019 में कही। डॉ. भरत राज सिंह ने कहा कि जब केंद्र सरकार तथाप्रदेश सरकार सौर ऊर्जा प्लांट के लिए 30 प्रतिश की छूट दे रही है। इस आधार पर 2 किलोवाट की लागत मात्र 40 हजार रुपए आ रही है। इस प्रकार से 3 किलोवाट, 4 किलोवाट व 5 किलोवाट सोलर प्लांट पर क्रमशः 75000 रुपए, 1,10000 रुपए तथा 1,45000 रूपए कीमत आएगी। जबकि इसके पहले 5 किलोवाट सोलर प्लांट की लागत 4,15000 रुपए आती थी।